बी.एस.सी (इंडस्ट्रियल फिशरीज) के 16 छात्रों का भा.मा.स के विशाखापट्टणम बेस का दौरा (10.01.2023)

आर.डी.एस कॉलेज, मुजफ्फरपुर, बिहार से बी.एस.सी (इंडस्ट्रियल फिशरीज) के 16 छात्रों ने दिनांक 10.01.2023 को भा.मा.स के विशाखापट्टणम बेस दौरा किया। श्री डी भामी रेड्डी, मैकेनिकल मरीन इंजीनियर और फैकल्टी ने छात्रों का स्वागत किया और उन्हें संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने "समुद्री मछली और भारत में मत्स्य पालन" पर व्याख्यान दिया । प्रेजेंटेशन में उन्होंने डायवर्सिफाइड/ इको फ्रेंडली मछली पकड़ने के तरीके, भारत में समुद्री मत्स्य परिदृश्य के साथ-साथ समुद्री मछली पालन क्षेत्र में भा.मा.स का योगदान के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों ने विभागीय संग्रहालय व भारत के पूर्व तट में होने वाली दुर्लभ प्रजातियों का भ्रमण किया। उन्होंने नेट मेंडिंग सेक्शन का भी दौरा किया साथ ही साथ उन्हें विभिन्न ट्रॉल्स के डिजाइन, टर्टल एक्सक्लूडर डिवाइस (TED) और टूना लॉन्ग लाइन गियर के साथ 34M श्रिम्प ट्रॉल के मॉडल को विस्तार से समझाया गया। इसके बाद उन्होंने विभागीय जहाज एम.एफ.वी मत्स्य शिकारी और एम.एफ.वी मत्स्य दर्शिनी का दौरा किया जहाँ उन्हें इलेक्ट्रॉनिक, नेविगेशनल और संचार उपकरण के बारे में बताया गया तथा विस्तार से ऑनबोर्ड एल.एस.ए/ एफ.एफ.ए मदों की जानकारी भी डी गयी।